**सुविचार**

दुनिया में सबसे अमीर शख्स वो है जो अपनी एक मुस्कान भर से ही दूसरों का दिल जीत लेता है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

RNI NO. MPHIN/2015/76299

Freedom Of Speech

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-8 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 31 मार्च 2023 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये


## प्रतीक चिन्हों या संपत्ति चिन्हों का कूटकारण करके उपयोग करना कब अपराध होता है जानिए/legal advice......

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 482 एवं 484 कहती है कि कोई व्यक्ति किसी प्राइवेट प्रतीक चिन्ह या किसी सरकारी लोक सेवक के चिन्हों का उपयोग निजी वाहन या किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए करता है तो वह व्यक्ति मिथ्या संपत्ति चिंह या लोकसेवक के कुटकरण चिन्ह के अपराध से दोषी होगा लेकिन कोई व्यक्ति किसी चिन्ह का कुटकरण करके उपयोग करता है अर्थात किसी ट्रेडमार्क में लिखा नाम को हटा कर स्वयं का नाम लिख लेता है या बदल देता है तब ऐसा व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 483 के अंतर्गत दोषी होगा



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। इस अपराध के लिए दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 482 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए:** दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा(1) के अनुसार सपत्ति चिन्हों का कुटकरण करने का अपराध एक समझौता योग्य अपराध हैं इसका समझौता बिना न्यायालय की आज्ञा अर्थात न्यायालय के बाहर ही उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिस व्यक्ति की या विभाग,कंपनी आदि के चिन्ह का कुटकरण किया गया है उससे किया जाएगा।

## संपत्ति का आपराधिक दुर्विनियोग, का अपराध क्या है जानिए सरल शब्दों में/CrPC.......

दुर्विनियोग का अर्थ होता है गबन करना अर्थात किसी भी संपत्ति को बेईमानी से रख लेना। चोरी का अपराध भी यही कहता है लेकिन दोनो में अंतर है आपराधिक दुर्विनियोग का अपराध वहाँ होता है जहाँ पर कोई वस्तु को या संपत्ति को प्राप्त करने के बाद गबन किया जाता है जैसे कि - क, ख को कुछ पुस्तकें पढ़ने को देता है ख, कुछ दिन पढ़ने के बाद वो पुस्तक क, को नहीं लौटता है ओर ख उन पुस्तको को बेच देता है ख यहाँ पर दुर्विनियोग (गबन) के अपराध का दोषी होगा। चोरी का अपराध वहाँ होता है जहाँ पर बिना सहमति के बेईमानी के उद्देश्य से किसी संपत्ति को ले लिया गया है जैसे कि ख, क की सहमति के बिना पुस्तकालय से पुस्तकें ले जाता है और उन्हें बेच देता है तब ख ने चोरी का अपराध किया है। सरल शब्दों में अगर कहे तो किसी भी चल संपत्ति को बिना बेईमानी से प्राप्त करना और बाद में बेईमानी के उद्देश्य से उसका गबन कर लेना आपराधिक दुर्विनियोग का अपराध होता है।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**आपराधिक दुर्विनियोग के लिए दण्ड का प्रावधान-** भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 403 में आपराधिक दुर्विनियोग को अपराध माना है यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होता है इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा- इस अपराध के लिए दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 403 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए-** दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 320 (1) के अनुसार संपत्ति के दुर्विनियोग का अपराध एक समझौता योग्य अपराध होता है यह समझौता न्यायालय की बिना आज्ञा के उस व्यक्ति से किया जाता है जिस व्यक्ति की चल संपत्ति का दुर्विनियोग किया गया है।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फौजी मेले का किया शुभारंभ**

# भारत की सेना विश्व की सबसे अधिक सक्षम सेनाओं में से एकः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नवरात्रि का पावन पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। मध्यप्रदेश और भोपाल का सौभाग्य है कि नवरात्रि में फौजी मेला और शस्त्र प्रदर्शनी से हमें शक्ति की आराधना का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केन्द्र सरकार द्वारा भोपाल में फौजी मेला आयोजित करने के लिए आभारी हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष का हजारों साल लम्बा ज्ञात इतिहास रहा है। हमारा शौर्य और वीरता भी हजारों वर्षों से स्थापित है। भारत के विचार, संस्कार, संस्कृति ने विश्व को दिशा दिखाई है। यदि हम शक्तिहीन हैं तो कोई हमारी बात नहीं सुनता है। भारत की सेना विश्व की सबसे अधिक सक्षम सेनाओं में से एक है। हमारे जवान कठिनतम परिस्थितियों में रह कर माँ भारती की रक्षा कर रहे हैं। सेना के त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप ही हम




**आजादी के बाद शहीद हुए 30 हजार जवानों की स्मृति में बनाया है भोपाल का शौर्य स्मारक**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि तीनों सेनाओं की कमांडर कॉफ्रेंस 30 मार्च से 1 अप्रैल तक भोपाल में होने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी, केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के वरिष्ठतम अधिकारी इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना धर्म की जय के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्पष्ट संदेश है कि हम अपनी तरफ से किसी को छेड़ेंगे नहीं, अगर किसी ने हमें छेड़ा तो उसे छोड़ेंगे नहीं।

### मध्यप्रदेश सरकार शहीदों के सम्मान के लिए समर्पित

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारे सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान देकर देश की रक्षा की है। केवल युद्ध ही नहीं आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुँचाने में भी हमारी सेना संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रही है। तुर्की में आई आपदा में सबसे पहले भारतीय सेना ने ही पहुँचकर राहत कार्य आरंभ किए थे। भारतीय सेना पर हमें गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार शहीदों के सम्मान के लिए समर्पित है।

# सफ़दर हाश्मीमेमोरियल ट्रस्ट और तक्षशिला एजुकेशनल सोसाइटीमिलकर, आप सभी कोहम सब सहमत

**भोपाल।** सभी नागरिकों के लिए यह देश,प्रदर्शनी में आमंत्रित करता है। यह प्रदर्शनी 200 कलाकारों, छायाकारों ओर लेखकों की भावभूमि की प्रदर्शन स्थली भर नहीं है; यह सहमत संस्था की लोकतान्त्रिक आधारभूमि का प्रतिनिधित्त्व करती है और सभी आवाज़ों को मिलाकर वर्तमान समय पर अपने विचार और डायलॉग पेश करती है। पिछले साल हमने भारत की आजादी के 75 साल पूरे किए। हमने आज़ादी से लेकर अपने 75 सालों की यात्रा में देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा प्रदत्त बराबरी के अधिकारों को दुहराया और सम्मानीय भाव से उसका पालन करने का वचन लिया। फिर भी आज यह महसूस होता है कि संविधानकीअक्षुण्णता खतरे में है। गैर संवैधानिक तरीकों से भारत के हाशिये के समाज के लोगों, किसानों, आदिवासी समाज के लोगों और अन्य अल्पसंख्यकों को निरंतर अपमानित किया जा रहा है। उग्र अपमान, आजादी के मूल्यों को उसके पीछे के संघर्ष और त्याग को भुला कर समाज में गहरी खाई पैदा कर रहा है। लोकतान्त्रिक जगहों का सिकुड़नाहमारी प्रदर्शनी के मूल में है। साथ साथ यह कला एवं राजनीति के गठबंधनों को संदर्भित भी करती है। यह सिर्फ संरक्षण और प्राथमिकताओं के बदलने के आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि कला के मुद्रीकरण एवं व्यवसायीकरण से जुड़ी हुई चिंता भी है। कला के अवमूल्यन पर भी विमर्श है। यह बढ़ती हुई खतरनाक प्रवृत्ति है और इसी प्रवृत्ति के प्रत्युत्तर में सहमत, कला के विस्तार की नई संभावनाओं की खोज में प्रयत्न कर रहा है। अतः यह गौरतलब है कि कला की इस प्रदर्शनी में शामिल सामग्री आसानी सेलाईऔरलेजाईजा सके और स्थानीय मौसम और भूगोल का उसकी आवाजाही पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़े। इससे सभी स्थानीय दर्शक उसे जैविक अनुभूतियों के साथ ग्रहण कर सकते हैं और उससे अपना एक निजी संबंध स्थापित कर सकते हैं। प्रदर्शनी में भिन्न उम्रों,आस्वादों और राजनैतिक विचारधाराओं वाले सहयोगी शामिल हैं। वे सब स्वतंत्र ढंग से अपनी बात कह रहे हैं। कोई किसी पर हावी नहीं है। सब सृजन की प्रक्रिया में सहयात्री हैं और एक साथ प्रदर्शित हो रहे हैं। सहमत ने अपने कला प्रदर्शनों के माध्यम से हमेशा ही वृहदतर समाज से बात करने की कोशिश की है। बहुत सोच, विचारकर सहमत ने बहुआयामी माध्यमों को चुना है और चित्रों के संग लिखे हुए को भी जोड़ा है, जिससे बने बनाए, स्थापित कला के उत्तराधिकार के सामाजिक नियमों से आगे जाकर दर्शक अपना दृष्टिकोण स्वयं गढ़ें औरस्वतंत्र भाव से कला का आनंद उठायें। इस प्रदर्शनी के साथ साथ, ख्यातिप्राप्तकलाकारों द्वारा हिन्दुस्तानी संगीत सभाएं, दास्तानगोई, कविता पाठ और बच्चों के लिए दिलचस्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कृपया 26 मार्च से 23 अप्रैल के बीच के दिनों में एकतारा भोपाल के प्रांगण में अवश्य पधारें और हमारे कार्यक्रमों का हिस्सा बनें। कृपया, प्रदर्शनी और कार्यक्रमों के बारे में अपने अखबार/ टीवी /रेडियो के माध्यम से लोगों तक जानकारी पहुंचाएं।

# भोपाल में रेडियो कॉलोनी में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने 138 नवीन पुलिस आवास का किया लोकार्पण

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को भोपाल में रेडियो कॉलोनी में पूजा-अर्चना के साथ फीता काट कर नव-निर्मित 138 पुलिस आवास गृह लोकार्पित किए। इन आवास का निर्माण मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधो-संरचना विकास निगम ने 32 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से किया है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने नव-निर्मित आवासों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि पुलिस आवास गृहों का निर्माण सरकार की प्राथमिकता में है। आज इंदौर में हुई दुखद एवं दर्दनाक घटना से मैं व्यथित हूँ। इंदौर प्रशासन ने रेस्क्यू के बेहतर प्रयास और प्रबंध किये। दुर्घटना में काल-कवलित दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। लोकार्पित 138 आवास गृह जी+5 बहु-मंजिला इमारत में हैं। बहु-मंजिला इमारत 8 लिफ्ट, एक लाख 25 हजार लीटर का सम्पवेल पंप हाउस, पेवर ब्लॉक, फायर फायटिंग सिस्टम, लैंड स्केपिंग और 125 के.व्ही. जनरेटर की सुविधा से लैस है। स्ट्रीट लाइन, पार्किंग, जल-प्रदाय जैसी सभी आधारभूत सुविधाएँ हैं।



डीजी एवं मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के अध्यक्ष श्री कैलाश मकवाणा और एडीजी एवं मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री उपेन्द्र जैन, पुलिस के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गृह मंत्री शुक्रवार को इंदौर दौरे पर

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा शुक्रवार 31 मार्च को इंदौर दौरे पर रहेंगे। मंत्री डॉ. मिश्रा सुबह 10:30 बजे भोपाल से कार से पूर्वान्ह 11:30 बजे कुबेरेश्वर धाम (सीहोर) पहुँचेंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट के बाद दोपहर 1 बजे सीहोर से इंदौर रवाना होकर वहाँ रेसीडेंसी कोठी में जल जीवन मिशन की बैठक में शामिल होंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शाम 6 बजे इंदौर से भोपाल रवाना होंगे।

# पश्चिमी यूपी की ओर खिसका चक्रवातीय घेरा, अब ओलावृष्टि के आसार नहीं

**ग्वालियर।** राजस्थान में सक्रिय चक्रवातीय घेरा अब हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर खिसक रहा है, जिसके चलते ग्वालियर में ओलावृष्टी, आंधी के आसार कम रहे गए हैं। 31 मार्च को बादल छाने की संभावना है, जबकि भिंड, मुरैना, श्योपुर में बूंदाबांदी हो सकती है। एक अप्रैल से आसमान साफ हो जाएगा, लेकिन दो अप्रैल को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसका असर तीन से चार अप्रैल के बीच दिखेगा। गुरुवार को सुबह से बादल छाए हुए थे। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। दिन में गर्मी बढ़ने से पर बादल गहरा गए। दोपहर में आसमान में काली घटाएं छा गई। इससे अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिससे मौसम में ठंडक आ गई। गर्म हवा का अहसास नहीं हुआ। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिसे कम रहा। जबकि न्यूनतम



तापमान बादलों के चलते 19.8 डिसे पर पहुंच गया। सामान्य से 1.9 डिसे अधिक रहा। इससे रात में गर्माहट रही। अंचल में लगातार पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम बिगड़ रहा है। इसकी वजह से ओलावृष्टि और बारिश हो रही है। ओलावृष्टि से अंचल में फसलों को काफी नुकसान हो गया है। ऐसे में फिर से बिगड़े मौसम की वजह से किसान परेशाान हैं। क्योंकि अब खेतों में उनकी गेहूं की फसल खड़ी हुई है।

# नवागत पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने कार्यभार ग्रहण किया



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने आज गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विदिशा का पदभार ग्रहण किया है। नवागत पुलिस अधीक्षक आज दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ मोनिका शुक्ला से औपचारिक रूप से पुलिस अधीक्षक विदिशा का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समीर यादव, उप पुलिस अधीक्षक अजाक, उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ, थाना प्रभारी कोतवाली रक्षित निरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ के द्वारा स्वागत किया गया।पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मीडियाबंधुओं से संवाद करते हुए यह संदेश दिया कि प्रत्येक जिले की अपनी चुनौतियां, अपनी प्राथमिकताएं होती हैं, जिसको दृष्टिगत रखते हुए रणनीति तैयार कर कार्यों का संपादन किया जाएगा। महिला अपराध की रोकथाम, साइबर क्राइम, जनभागीदारी से अपराध की रोकथाम, कम्युनिटी पुलिसिंग एवं अन्य चुनौतियां को ध्यानगत रखते हुए ही विदिशा जिले में कार्य किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

भोपाल। मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं आदिवासी वर्ग पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार जी के नेतृत्व में दिनांक 27 मार्च 2023 समय 12 बजे मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। कृष्णा चौधरी ने बताया कि प्रदेश में हो रही दलितों एवं आदिवासियों की हत्या बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ने युवा भरेंगे हुंकार।

# राहुल गांधी के पक्ष में जगह जगह कोयलांचल क्षेत्रों में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन




**कैलाश कुमार - सह संपादक**

**अनूपपुर।** जिले के अंतिम छोर स्थित बिजुरी में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वायनाड के सांसद राहुल गांधी का लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद जगह-जगह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा तरह-तरह से अनशन, आंदोलन एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसकी बानगी बुधवार शाम, बिजुरी नगर के हृदय स्थल हनुमान मंदिर तिराहे में भी देखने को मिला। जहां कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सराफ के साथ सैकड़ों कांग्रेसियों द्वारा हाथों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंककर भिन्न-भिन्न नारे लगाऐ गऐ। प्रधानमंत्री के जलती पुतले को देख, प्रदर्शन स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा आनन-फानन में कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया गया।

**पुतला फूंकने पश्चात कांग्रेसियों ने लगाया भिन्न भिन्न नारों के साथ किया प्रदर्शन-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला महज आधा-अधूरा ही दहन कर पाने के मलाल में कोयलांचल के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा, जब-जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है। मोदी तेरी तानाशाही नही चलेगी-नही चलेगी, राहुल गांधी जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद। जैसे भिन्न-भिन्न नारों का उच्चारण करते हुऐ अपनी भड़ास मिटायी।

**गुजरात राज्य कि एक अदालत से 02 वर्ष कि सजा होने के बाद राहुल गांधी कि सदस्यता हुयी है रद्द-** ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक कि एक रैली में जनता को सम्बोधित करते हुऐ, राहुल गांधी ने कहा था कि सब चोरों का नाम मोदी क्यों होता है। उनके द्वारा बोले गऐ इस विवादित बयान के बाद, गुजरात राज्य का एक विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ सूरत कोर्ट में मानहानी का मुकदमा दायर किया था। जिसके बाद सेसन कोर्ट ने राहुल गांधी को भारतीय दण्ड संहिता विधान कि धारा 499 एवं 500 के तहत 02 वर्ष कि सजा सुनायी गयी। साथ ही अदालत ने राहुल गांधी को रियायत देते हुऐ 15000 रूपये कि जमानत राशि पर, जमानत भी दे दिया गया।



# अजाक्स सतना की बैठक को किया गया संपन्न



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

**सतना।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सतना की बैठक परम् सम्मानीय,रामकलेश साकेत जी अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना द्वारा दिनांक 26/03/2023 को ली गई। जिसमें 14 अप्रैल 2023 को परम पूज्यनीय डा.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के कार्यक्रम में विस्तृत चर्चा एवं अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में लाने की अपील की गई बैठक में अजाक्स कोषाध्यक्ष जवाहरलाल साकेत, संतोष अरिहा सचिव, डा.सूरज कुमार ठकुरिया अजाक्स सचिव एवं BMO अमरपाटन, अमृतलाल साकेत सचिव, लवकुश कोरी संयुक्त सचिव, एडवोकेट राकेश कुमार प्रजापति,एडवोकेट मनोज कुमार वर्मा विधिक सलाह कार, शंकर प्रसाद बौद्धाचार्य एवं प्राचार्य,कुंजन सिंह परस्ते संयुक्त सचिव,शैलेंद्र सिंह गोंड,गीता कोल जी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष,अखिलेश साकेत. मुन्नालाल साकेत ब्लाक अध्यक्ष अमरपाटन,विनीता आर्या,बंशरुप वर्मा,दर्शन लाल प्रजापति पटवारी, बी एन अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल,रामराज साकेत अजाक्स जिला सचिव,राजकुमार प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर बाघेलान राजेश रैदास जी ब्लॉक अध्यक्ष उचेहरा, बी. एन.अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल दिनेश प्रजापति सचिव, एड.प्रकाश वर्मा,एड.राकेश प्रजापति,शिव मोहन अहिरवार नाजी महासचिव सतना,मिथलेश चौधरी जी महासचिव, शक्ति रैदास, राजकुमार अहिरवार ना जी, राजा बाबू,राजकिशोर,सुरेंद्र भारती इत्यादि लोग उपस्थित रहे।





# हार्टफुलनेश प्रशिक्षण सम्पन्नः जअप नरसिंहगढ़ के प्रतिभागियों ने की सहभागिता

**मुकेश अहिरवार**

नरसिंहगढ़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र.शासन) एवं हार्टफूलनेस संस्था के संयुक्त तत्वधान में कान्हा शांतिवनम तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ के ब्लॉक समन्वयक एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के परामर्शदातागण और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की । जिसमें योग अभ्यास, ध्यान, प्रार्थना, पोलेरिटी आदि विषयों के साथ साथ व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास, सामाजिक कार्य, आत्म समीक्षा, आदि विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा 05 दिवसीय प्रशिक्षण 20 मार्च 2023 से 24 मार्च 2023 तक कान्हा शांतिवनम में आयोजित किया गया । उक्त प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश के भोपाल एवं सागर सम्भाग के लगभग 700 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के द्वितीय सत्र में जन अभियान परिषद के महानिदेशक



बी.आर.नायडू द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के आईडी कार्ड और प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया और अपने उदबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण में जो आप सभी को सिखाया गया है उसे अपने अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने हेतु चेतना के स्तर पर कार्य करना है तथा सभी नवांकुर संस्थायें और परामर्शदाता अपने साथ जुड़े लोगों को इस दिशा में कार्य आवंटित कर उनकी मॉनीटिरिंग करें, सभी परामर्शदाता फेसिलेटर के रूप में कार्य करें। म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना के सफल किर्यान्वयन में अपनी सहभागिता सुनिश्चत करें।

**मामला अमित राइस मिल अमलाई का-**

# चावल के बंकर में कार्य करते समय मजदूर की हुई मौत

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। अमित राइस मिल बापू चौक अमलाई में राइस मिल संचालन के दौरान चावल के बंकर से मजदूर रमेश बैगा निवासी इंदिरा नगर अमलाई बंकर खाली करने के दौरान हुई मौत विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 27/03 /2023 सुबह-सुबह लगभग 4 और 5 बजे के बीच उसकी मौत राइस मिल के अंदर ही हो गई थी जिस पर राइस मिल संचालक के द्वारा आनन फानन में अपने स्वयं के चार पहिया वाहन पर लादकर जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले ले जाया गया। पूरे मामले में पर्दा डालने के लिए और मजदूर की मौत को छिपाने के प्रयास में लगा अमित राइस मिल अमलाई के संचालक पुलिस प्रशासन को गुमराह करने में लगा हुआ है मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा बैगा परिवार के लिए विशेष तौर पर उनकी सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को मद्देनजर रखते हुए



पेशा एक्ट कानून का प्रावधान बनाया गया है किंतु दिनदहाड़े राइस मिलर के द्वारा मजदूर की मौत पर शासन-प्रशासन की नजरों में धूल झोंकने का प्रयास किया जा रहा है। मौत की नींद सो गया रमेश क्या मिलेगा रमेश के परिवार को इंसाफ मिलर पर होगी कार्यवाही।

## आयुषी स्वास्थ्य नारी, सशक्त नारी महिला स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया




**भोपाल।** आयुष ग्राम कालापानी ,जिला भोपाल में संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद संस्थान के तत्वाधान में आयुषी स्वास्थ्य नारी, सशक्त नारी महिला स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रेश राजपूत एवं सरपंच श्री नीलेश मीणा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया द्यपंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ उमेश शुक्ला द्वारा अतिथियों का सत्कार दीप प्रज्वलन ,औषधि पौधे एवं पुष्पगुच्छ के द्वारा किया गया द्य दिनांक 23 /03 /2023 को कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ मौसमी कुलहरे द्वारा सामान्य स्त्री रोगों के कारण, लक्षण एवं उनकी चिकित्सा का व्याख्यान प्रस्तुत किया गया द्य मुख्य रूप से गर्भिणी परिचर्या एवं पौष्टिक आहार -विहार से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम मैं आयुषग्राम कालापानी के नोडल अधिकारी डॉ राजेश मेश्राम एवं डॉ श्वेतल शिवहरे, डॉ कामिनी सोनी ,डॉ श्रद्धा शर्मा, डॉ नेहा मिश्रा ,डॉ तृप्ति जैन डॉ विजेंद्र मंडलोई एवं डॉ लक्ष्मण पाल द्वारा अपनी सेवाएं देकर चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया द्य चिकित्सा शिविर में कुल 381मरीजों द्वारा विशेषज्ञों से जांच करा कर औषधि चिकित्सा का लाभ लिया गया द्य कुल 140 महिला रोगी के हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क की गई द्य डॉ प्रियंका दुबे द्वारा कुल 122 मरीजों का निशुल्क ब्लड शुगर जांच की गई एवं 60 औषधि पौधों का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा ग्रामीणों को किया गया द्य चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों एवं मरीजों को 4ह्वह्यद्धह्क्ष्वह्ल्द्ग ड्डश्चश्च स्रश्2ठ्ठद्यश्ड्डस्र करवा कर ड्डश्चश्च के माध्यम से घर बैठे चिकित्सा परामर्श प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदान की गई द्य चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से रक्ताल्पता , श्वेत प्रदर, त्वचा विकार ,हाई ब्लड प्रेशर ,शुगर, अर्थराइटिस रोगियों की संख्या अधिक रही।

# बरगवां नाथ हनुमान जी महाराज ने आकाशीय बिजली को अपने में किया समाहित।

**कैलाश कुमार , सह संपादक**

बरगवां अमलाई। परम आराध्य देव बरगवां नाथ ने इस पावन भूमि धरा पर जहां उनका भव्य मंदिर निर्मित है उस स्थान पर प्रत्यक्ष रूप से अप्रत्यक्ष विद्यमान होने का प्रमाण प्रस्तुत किया।मनोकामना पूर्ति बरगवां नाथ हनुमान जी महाराज ने अपनी उपस्थिति इस तरह दर्ज कराई जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती और ईश्वर का कोई स्वरूप नहीं होता क्योंकि ईश्वर सदैव आत्मा और इस ब्रह्मांड के चर अचर चराचर जीवो में समाहित होते हैं और इसके लिए तुलसीदास



महाराज ने श्री रामचरितमानस में वर्णन किया है की ईश्वर अंश जीव अविनाशी विश्व कल्याण के निमित्त धर्म के रक्षक कलयुग के देवता महावीर महाबली विद्यावान बजरंगबली हनुमान जी हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज दिनांक 26 3 2023 को दिन के 3:10 बजे आकाशीय बिजली गिरने के प्रभाव को अपने मंदिर के ऊपर के हिस्से पर लगे गुंबद पर पीतल धातु से निर्मित गुंबद का अस्त्र के रूप में प्रयोग करते हुए आसपास के पशु पक्षी कार्य कर रहे मजदूर एवं निवासियों के प्राणों की रक्षा उस तीव्र गति से आने वाली आकाशीय बिजली के प्रभाव को क्षणभर में खत्म कर दिया एवं मंदिर में एक दरार तक नहीं आई गुंबद का ऊपरी हिस्सा सिर्फ प्रभावित हुआ किंतु हनुमान जी महाराज के द्वारा अपने आसपास रह रहे जीवो की रक्षा करते हुए स्वयं पर उसका प्रभाव समाहित कर लिया।

# राजगढ़ जिले के ग्राम ब्यावरा कला में अद्भुत दृश्य देखने को मिला

### जिसे देखकर संपूर्ण ग्राम वासियों की आंखें नमन हो गई

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। जिले के ग्राम ब्यावरा कला के अति गरीब स्थिति में जीवन यापन करने को मधुर एवं पढ़ाई का खर्च उठाने में असमर्थ रामबाबू दांगी आज तक सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का ना तो लाभ मिला और ना ही किसी प्रकार कोई आर्थिक सहायता सरकार से नहीं मिल पाई परिवार के हालात भी आर्थिक रूप से काफी कमजोर और खराब स्थिति में है पिता की उम्र 75 वर्ष ऊपर और काम करने में असमर्थ है रही बात मां की तो वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं इतना सब कुछ होने के बाद भी आज तक मध्य प्रदेश



सरकार के द्वारा दी जाने वाली वृद्धावस्था पेंशन एवं मानसिक विकलांगता की पेंशन का लाभ भी दोनों को नहीं मिल पाया किंतु उसके बावजूद भी ऐसे परिवार का एक होनहार छोटी सी उम्र में बूढ़े मां बाप का ख्याल रखना और स्वयं मजदूरी करके अपनी पढ़ाई का खर्च उठाना और अपने माता-पिता को पढ़कर अपने पैरों पर खड़ा पुणे की मिसाल समाज को दी है अपनी मेहनत और लगन से सभी का दिल जीतने के साथ साथ अपने आप को साबित करके दिखाया है ऐसे होनहार प्रतिभाशाली राजगढ़ जिले का गौरव और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने वाले रामबाबू दांगी ( मदन) आर्मी टेक्निकल नर्सिंग में ट्रेनिंग के लिये लखनऊ जाते समय उसकी माँ की दिमागी हालत ठीक नहीं है फिर भी पीछे पीछे आई और आंखों में आंसू लिए रोते हुए बोली बेटा मुझे छोड़ कर कहां जा रहा है जब रामबाबू ने अपनी बूढ़ी मां के चरण स्पर्श किये तो रामबाबू अपने आँसू रोक नहीं पाया और इस दृश्य को देख रहे ग्रामीण भी अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए रामबाबू के विदाई के समय सभी गांव वासियों ने उसे अपने मकसद में कामयाब होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जल्द से जल्द घर लौटने पर अपने बूढ़े मां बाप की सेवा करने को कहा माँ तो आखिर माँ होती है-

*साथ छोड़ देती हैं दुनिया पर मां साथ चलती है*
*केसे भी हो हालात माँ कभी नहीं बदलती हैं।*

# गेंहू उपार्जन कार्य 28 से 31 तक स्थगित, आगामी खरीदी कार्य तीन अप्रैल से शुरू होगा

**देवेंद्र धाकड़ की रिपोर्ट**



**विदिशा।** विदिशा जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य मार्च माह की तिथि 28 से 31 तक अर्थात कुल चार दिन स्थगित किया गया है। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए बताया है कि विगत सप्ताह गेंहू की खड़ी फसल पर असमायिक वर्षा के कारण गेंहू में नमी की मात्रा बढ जाने से शासन द्वारा इन्दौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम् संभाग के जिलो में उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर नमीयुक्त अमानक गेंहू विक्रय हेतु पहुंच रहा है जिसके फलस्वरूप उपार्जन केन्द्रों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता के गेंहू की खरीदी संभव नही हो पा रही है। किसानो को अपने गेंहू की फसल को सुखाकर निर्धारित नमी मात्रा अनुसार गेंहू विक्रय करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से पूर्व उल्लेखित चारो संभागो में 28 से 31 मार्च तक गेंहू उपार्जन कार्य स्थगित किया गया है। जबकि उपार्जन कार्यो की जारी गाइड लाइन के अनुसार उपार्जन कार्यो के तहत परिवहन कार्यो के लिए शनिवार एवं रविवार दिवस आरक्षित किए गए है अर्थात एक एवं दो अप्रैल तक गेंहू उपार्जन कार्य जिलें में नहीं किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं नोडल श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि ई पंजीयन पोर्टल पर पंजीकृत किसानो द्वारा उक्त अवधि में गेंहू विक्रय हेतु किए गए स्लॉट बुकिंग को भी निरस्त किया गया है। अतः कृषकों द्वारा सुविधा अनुसार पुनः स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी।

# विवाद विहीन ग्राम श्यामपुरा में किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुकेश अहिरवार**

**नरसिंहगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के प्रधान जिला न्यायाधीश माननीय श्री रत्नेशचंद बिसेन, एवं तहसील विधिक सेवा समिति नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष शशिभूषण शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नरसिंहगढ़ के मार्गदर्शन में विवाद विहीन ग्राम श्यामपुरा पंचायत खेड़ी नरसिंहगढ़ में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री विमलेश मुडैया, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के साथ माननीय कपिलदेव काछी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड नरसिंहगढ़ उपस्थित रहे। शिविर में सुश्री विमलेश मुडैया के द्वारा बताया गया विवाद विहीन ग्राम योजना 2000 अंतर्गत ग्रामवासियों को उनके दिन प्रतिदिन के कार्य में आने वाली विधिक प्रक्रिया की जानकारी कराना व विधिक सेवा व विधिक सहायता के संबंध में प्रचार प्रसार करना लोगो को अच्छे नागरिक बनने के लिए उनके मूल अधिकारों व मूल कर्तव्यों की जानकारी देकर प्रेरित करना एवं समय-समय पर ग्राम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाकर ग्राम वासियों को जागरूक करना इसका मूल उद्देश्य है ।जिसमें हेतु विधिक सेवा दल, स्वयंसेवी दल एवं पैरालीगल वालेटियर्स का विषेश योगदान होता है जो कि ग्रामीणजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं उनके लाभ दिलाने सहयोग प्रदान सके। योजना संबंधित कार्यवाही अंतर्गत ऐसे विवाद जो न्यायालय में विचाराधीन है उन्हे स्वयंसेवी दल के सहयोग से लोकअदालत के माध्यम से निराकरण करने हेतु कहा गया। महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध अपराध, एसिड हमला, दहेज, आत्महत्या का दुष्प्रेरण, पति या पति के नातेदारों द्वारा क्रूरता, पीछा करना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि के बारे में जानकारी दी एवं महिला हेल्प लाइन नंबर 181, विधिक सहायता हेल्प लाइन नंबर 15100 की कार्यप्रणाली के संबंध में अवगत कराया। आगामी 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई। उसके पश्चात भूतपूर्व पैरालीगल वालेटियर एवं सेवादल सदस्य, हरिओम जाटव द्वारा ग्राम के लंबित प्रकरणों की जानकारी देते हुए




विधिक सेवा दल के माध्यम से राजीनामा के आधार पर समाप्त कराने हेतु किये जा रहे प्रयासों से उपस्थित न्यायाधीशगणों को अवगत कराया । शिविर में मंच संचालन विधिक सेवा समिति से रामेन्द्र कोष्टी के द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत खेड़ी सरपंच शिवनारायण जांगड़े, सचिव देवेन्द्रसिंह, ग्राम मुखिया हीरालाल पटैल,कोटवार गोविंद मांगीलाल, रामबगस, प्रकाश शाक्यवार,गोपाल शाक्यवार,अरुण जाटव,सुखराम एवं पैरालीगल वालेटियर सुश्री फरहा नाज उपस्थित उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिषद सुठालिया का वार्षिक बजट 40 करोड़ से अधिक का पारित

# ब्यावरा विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि की मौजूदगी में सुठालिया नगर परिषद की साधारण बैठक हुई संपन्न

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ। नगर पालिका परिषद सुठालिया का साधारण सम्मेलन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बाई लोधी की अध्यक्षता में संपन्न किया गया जिसमें वार्षिक बजट 2023,,24 को लेकर नगर परिषद के साधारण सम्मेलन में कुल अनुमानित आय 34,93,46,322 एवं गत वर्ष की निकाय कोष में शेष राशि रुपए 5,44,08,796 के बाद कुल आय 40,37,55,118 का एवं रुपए 4,31,10,118 की बचत वित्तीय वर्ष 2023 24 की समाप्ति पर आंकी गई हैं और बजट का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया बैठक में परलापुरा वार्ड क्रमांक 14 में सामुदायिक भवन निर्माण की भी सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई अध्यक्ष महोदय की विशेष अनुमति से कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण की दर 26,50त्न कम मेसर्स नवीन सक्सेना कांट्रेक्टर ब्यावरा



की स्वीकृति दी गई है योजना की लागत 68 लाख जीएसटी बिल सहित है यह रोड वार्ड क्र 12 बस स्टैंड तिराह मैन रोड से खेड़ापति माता मंदिर चौक मेन रोड परलापूरा तक किया जाएगा अध्यक्ष महोदय की विशेष अनुमति से ही निकाल के पशु हाट बाजार की वसूली 6 माह के लिए ठेके पर देने एवं बाजार बैठक पर स्टैंड सेवा कर तथा मृत मवेशी हड्डी चमड़े के ठेके 1 मई से 31 मार्च तक ठेके देने के संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया बैठक में विधायक श्री रामचंद्र दांगी सांसद प्रतिनिधि श्री गिरिराज लोधी उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार श्री गोकुल मोगिया पार्षद वार्ड क्रमांक 1 श्री गोपाल भिलाला पार्षद वार्ड क्रमांक 3 श्री दूल्हा शाह पार्षद वार्ड क्रमांक 5 श्रीमती सुमाइल कुरेशी वार्ड क्रमांक 9 और श्रीमती संतोष पालीवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती राजकुमारी वर्मा वार्ड क्रमांक 11 श्रीमती सोनू शर्मा पार्षद वार्ड क्रमांक 12 श्री आकाश अग्रवाल वार्ड क्रमांक 13 मोर सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 14 एवं श्रीमती लता बाई कुशवाहा पार्षद वार्ड क्रमांक 15 सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी महमूद अली एवं लेखापाल वीरेंद्र चक्रवर्ती एवं उपयंत्री निखिल कनेरिया के द्वारा सभी एवं महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# कलेक्टर ने की लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों से बीमा कराने की अपील

**मुकेश अहिरवार**

**राजगढ़।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में हितग्राहियों का प्रतिशत मध्यप्रदेश में सर्वाधिक है। राजगढ जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत कुल 07 लाख 97 हजार नागरिको का बीमा किया जाकर कुल पात्र जनसंख्या का 76 प्रतिशत कवरेज किया जा चूका है। जो मध्यप्रदेश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश का औसत 43 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा



योजना अंतर्गत कुल 02 लाख 46 हजार नागरिको का बीमा किया जाकर कुल पात्र जनसंख्या का 30.21 प्रतिशत कवरेज किया जा चूका है। जो मध्यप्रदेश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश का औसत 18 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में कुल 03 लाख 45 हजार से अधिक एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में कुल 01 लाख 32 हजार से अधिक नागरिको को जोड़ा गया। शासन की महत्वपूर्ण बीमा योजनाओं से आम नागरिको को जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाकर प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में कैंप आयोजित किये गये। मैदानी अमले के माध्यम से नागरिको के फॉर्म भराए जाकर बैंक को प्रेषित किये गये। जिले के समस्त कर्मचारी, सचिव, जी.आर.एस., आगनबाडी कार्यकर्त्ता, सहायिका, स्व-सहायता समूह की महिलाओ एवं समस्त कर्मचारियों को भी योजना से जोड़ा गया। जनसेवा अभियान एवं विकास यात्रा के दौरान बीमा योजनाओ का विशेष प्रचार प्रसार कर फॉर्म भराए गये। बीमा योजना से मध्यमवर्गीय एवं गरीव परिवारों को मृत्यु अथवा दुर्घटना होने पर कठिन समय में बीमा राशी के रूप में आर्थिक सहायता मिल सकेगी। कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित ने लाड़ली बहना योजना की समस्त हितग्राहियों से भी बीमा करवाने की अपील की है। योजना लाभ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत पालिसी धारक की 18 से 50 वर्ष के बीच मृत्यु हो जाने के बाद इस योजना के तहत सरकार द्वारा दी जाने वाली 02 लाख रूपये की राशि पालिसी धारक के परिवार को दी जाएगी। प्रीमियम राशी 436 रूपये प्रतिवर्ष आयु सीमा 18 से 50 वर्ष प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक प्रकार की दुर्घटना बीमा पॉलिसी हैं। जिसके तहत दुर्घटना के समय मृत्यु अथवा अपंग होने पर बीमा के राशि के लिए क्लेम किया जा सकता है। प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना की 01 साल तक वैधता रहेगी। जिसे प्रति एक वर्ष बाद रिन्यू करवाना होगा। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृत्यु एवं पूर्णतः विकलांग होने पर 02 लाख रूपये एवं आंशिक तौर पर अपंग होने पर 01 लाख रुपये बीमा राशि दी जायेगी। राशी 20 रूपये प्रतिवर्ष, आयु सीमा 18 से 70 वर्ष तक रहेगी।

# बाल श्रमिक रखने पर होगी कठोर कार्यवाही 50 हजार रूपये जुर्माना और दो वर्ष तक का कारावास

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़।श्रम विभाग द्वारा बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी में किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन संस्थाओ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला में सर्वप्रथम श्रम पदाधिकारी श्री राम चरण संतोरे द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। प्रशिक्षण श्रम निरीक्षक श्री मनोज चौहन द्वारा प्रदान किया गया तथा बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए जिले में बाल श्रम रोकथाम के सम्बन्ध में विभागीय कार्ययोजना से उपस्थित सदस्यों को अवगत



कराया गया। अधिनियम की धारा 3 एवं 3 %ए के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालको का सभी प्रकार के नियोजनों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है एवं 14 से 18 वर्ष के कुमारो का खतरनाक नियोजनो में नियोजन प्रतिबंधित है, उक्त धाराओ का उल्लंघन होने पर 20 हजार से 50 हजार रुपये जुर्माना तथा 6 माह से 2 वर्ष का कारावास या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में 68 हितग्राहियों को 02 करोड़ 64 लाख किया ऋण वितरित



**मुकेश अहिरवार**


**राजगढ़।** प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस के साथ -साथ जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागृह में सम्पन्न हुआ। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में विधायक राजगढ़ श्री बापूसिंह तवर, ब्यावरा विधायक श्री रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री चंदर सिंह सौंधिया, सांसद प्रतिनिधि श्री मनोज सिंह हाड़ा के नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री ओ.पी. शर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी विभागों द्वारा संचालित योजनांतर्गत कुल 68 हितग्राहियों को राशि 02 करोड़ 64 लाख रुपये के स्वीकृत पत्र वितरित ऋणों के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 26 हितग्राही एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं , पीएम स्वनिधि योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना आदि योजनाऐं सम्मिलित है कार्यक्रम में प्रभारी महाप्रबंधक श्रीमति सीमा सोलंकी द्वारा रोजगार दिवस एवं विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लीडबैक मैनेजर, श्री एन.के. पाटीदार, शहरी विकास अभिकरण श्री साहू, एनआरएलएम के अधिकारी श्री अमित रावत, श्री कमलपवार, जिला अंत्यावसायी सह. समिति राजगढ़ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री एस. एन. मेवाड़े द्वारा किया गया।

# जबलपुर के बंदर और डॉग की दोस्ती, कभी रानी की पीठ पर बैठता मल्लू

**जबलपुर**

इन दिनों एक बंदर और डॉग की दोस्ती के किस्से इस कदर मशहूर हो गए है कि इन्हें जो भी देखता बस यही कहता कि...वाह क्या दोस्ती है। जबलपुर के शास्त्री नगर में बीते कुछ दिनों से एक बंदर डॉग के साथ घूमते हुए नजर आ रहा है। दोनों की दोस्ती ऐसी है कि जो भी देखता बस देखता ही रह जाता है। बंदर कभी डॉग की पीठ पर बैठ जाता तो कभी उसकी पूंछ पकड़कर साथ में घूमता। इनकी दोस्ती की चर्चा अब धीरे-धीरे पूरे शहर में हो रहीं है।

शास्त्री नगर में रहने वाले लोगों ने तो इनका नाम तक रख डाला, बंदर को लोग मल्लू बोलते है तो डॉग को रानी नाम से बुलाते है। दिन भर ये दोनों साथ में घूमते है, रात होते ही बंदर पेड़ पर चला जाता है जबकि



डॉग पेड़ के नीचे ही बैठ जाती है। बंदर और मादा डॉग की दोस्ती देखकर अब लोग खाने पीने की व्यवस्था उनके लिए करने लगे है। स्थानीय निवासी बताते है कि दोनों की देखकर ना सिर्फ मनोरंजन होता है बल्कि ये मूक जानवर हमें बताते है कि दुनिया में सब कुछ दोस्ती ही होती है।

स्थानीय निवासी बताते है कि कुछ दिनों तक मादा डॉग अकेली ही गलियों में घूमती थी, पर अब देखने को मिलता है कि ये मल्लू और रानी दोनों दिन भर साथ में घूमते है।

# नाबालिग के साथ चौकीदार ने की छेड़छाड़


**जबलपुर** । जबलपुर के मझौली थानांतर्गत एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जहां नाबालिग छात्रा ने स्कूल के नजदीक बने पंचायत के चौकीदार के खिलाफ छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं आरोपी के जेल से छूटने के बाद परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस के द्वारा खाली पेज में साइन करवाया गया था। दरअसल मामला 4 मार्च का है। पीड़िता ने बताया आठवीं कक्षा में पढ़ती हैं। रोज की तरह 4 मार्च को स्कूल पढ़ने गई थी। वही सुबह करीब साढ़े 10 बजे प्रार्थना होने से पहले अपने सहेलियों के साथ पंचायत भवन बनखेड़ी में खेल रही थी। इसी दौरान पंचायत भवन के चौकीदार राजेंद्र राजपूत ने उन्हें अंदर बुलाया।

# नाबालिग से दोस्त ने किया कुकर्म: 16 वर्षीय छात्र के साथ दोस्त ने किया अप्राकृतिक कृत्य, बेल्ट से

**ग्वालियर**

ग्वालियर में एक नाबालिग छात्र ने अपने ही दोस्त पर अननेचुरल सेक्स करने के आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि बीती रोज सरकारी मल्टी में रहने वाले अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए गया था। इसी मल्टी में उसका दोस्त रहता है। जब वह रिश्तेदार से मिलकर लौट रहा था, तभी उसका दोस्त मिल गया। वह उसको अपने घर बातचीत करने के लिए ले गया, यहां दोस्त, उसके साथ गलत हरकत करने लगा।

नाबालिग के विरोध करने पर आरोपी ने उसे बेरहमी से पीटा और अप्राकृतिक कृत्य कर उसे वहां से भगा दिया। आरोपी ने धमकाया है कि यदि किसी को यह बात बताई तो उसे जान से खत्म कर देगा। घटना के बाद



पीड़ित छात्र घर पहुंचा और आपबीती परिजन को बताई। घटना का पता चलते ही नाबालिग के परिजन कंपू थाने पहुंचे और शिकायत की।

शहर के गिरवाई स्थित बेलदारों का पुरा में रहने वाले 16 वर्षीय नाबालिग छात्र ने अपने माता-पिता के साथ कंपू थाना पहुंच कर शिकायत की है। साथ ही बताया है कि बीते रोज दोपहर के समय वह गुड़ी गुड़ा का नाका स्थित सरकारी मल्टी में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए गया हुआ था। रिश्तेदार से मिलकर जब वे घर लौट रहा था तभी उसका पुराना दोस्त जो कि उसी मल्टी में रहता है वह उसे मिल गया। दोस्ती की उम्र भी 16 साल है। क्योंकि वे अपने दोस्त से काफी दिनों बाद मिला था तो उसका दोस्त उससे गपशप करने के लिए अपने घर पर ले गया।

यहां दोस्त उसके साथ गलत काम करने लगा। उसने विरोध किया तो उसे बेल्ट से बेरहमी से पीटा और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। इसके बाद आरोपी ने उसे घर से भगा दिया। छात्र को आरोपी ने धमकाया भी कि इस बारे में किसी को भी बताया तो वह उसकी हत्या कर देगा।

## आए थे लूट की वारदात को अंजाम देने, पुलिस के हत्थे चढ़े

# चोरी की बाइक, दो कट्टे सहित 3 बदमाश पकड़े

**ग्वालियर**

ग्वालियर में चोरी की बाइक से लूट करने आए तीन बदमाश पुरानी छावनी थाना पुलिस के हत्थे चढ़े है। घटना निरावली तिराहा की है। पकड़े गए बदमाशों की तलाशी में पुलिस को उनके पास से एक बाइक व दो कट्टे बरामद हुए है। पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में जुट गई है, जिससे अन्य वारदातों का खुलासा हो सके। पुलिस अफसरों की माने तो पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के बाद कुछ अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है।

टीआई पुरानी छावनी मिर्जा आसिफ बेग ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध युवक किसी वारदात के इरादे से घूम रहे है। सूचना मिलते ही



एएसआई बृजेन्द्र सिंह तोमर, धर्मेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक मथुरा प्रसाद, मदन उदेनिया, आरक्षक रवि कुशवाह, नेतराम, सूरज, अनिल सिंह को सूचना की तस्दीक के लिए रवाना किया। पुलिस टीम जब निरावली तिराहा पर पहुंची तो एक बिना नंबर की बाइक पर बैठे तीन युवक पुलिस को देखते ही बाइक को भगा कर ले जाने लगे। भाग रहे बदमाशों का पुलिस ने पीछा किया, तो बदमाशों ने अपनी बाइक को गति देकर पुलिस को चकमा देना चाहा, लेकिन पुलिस ने बदमाशों के भागने की सूचना दे दी, तो पुलिस ने घेराबंदी कर ली और जगह-जगह स्टॉपर लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, इसके बाद भी बदमाश नहीं रूके और स्टॉपर के बगल से बाइक निकालने के प्रयास में गिर गए और हल्की चोट आई। बदमाश भाग पाते उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

## तलाशी लेने पर मिले अवैध हथियार

पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की तलाशी ली तो बदमाशों के पास से दो कट्टे और जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने जब बाइक के दस्तावेज मांगे तो पता चला कि बाइक चोरी की है और वह उससे लूट करने के लिए आए थे। पुलिस ने हथियार, बाइक जब्त कर पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ शुरू कर दी है।

# MP में रेल की पटरी चोरी, आरोपी अरेस्ट, डेढ़ टन वजनी पटरियां बरामद

**जबलपुर**

मध्यप्रदेश के जबलपुर में चोरों ने करीब दो टन वजनी रेवले की पटरियां चोरी कर लीं। इसमें से अब तक डेढ़ टन पटरियां बरामद कर ली गई हैं। आरपीएफ ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, जांच के दौरान चोरी में शामिल कुछ रेल कर्मचारी और अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं।

मामला शहपुरा-भिटोनी रेलवे स्टेशन का है। आरपीएफ ने उस ट्रक को भी जब्त किया है, जिसमें पटरियों को लोड कर ले जाया गया था। पटरियों की कीमत 80 से 90 हजार रुपए बताई जा रही है। रेल पुलिस अब आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

जनवरी में शहपुरा-भिटोनी रेलवे स्टेशन से पुरानी रेल पटरियां चोरी हुई थीं। 600 मीटर में रेलवे ने नई पटरियां बिछाई थीं। पुरानी पटरियां स्टोर रूम में जाने से पहले चोरी चली गईं।

जनवरी में शहपुरा-भिटोनी रेलवे स्टेशन से पुरानी रेल पटरियां चोरी हुई थीं। 600 मीटर में रेलवे ने नई पटरियां बिछाई थीं। पुरानी पटरियां स्टोर रूम में जाने से पहले चोरी चली गईं।

मामले में आरपीएफ ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की, तो पाया कि रेलवे इंजीनियरिंग विभाग का ठेकेदार सोनू श्रीवास्तव और ट्रक ड्राइवर पीर मोहम्मद के साथ कुछ अन्य लोग थे, जिन्होंने रेल पटरियां चोरी की। आरपीएफ ने ड्राइवर पीर मोहम्मद को गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मोहम्मद इरफान मंसूरी ने बताया कि अभी तक आरोपियों से करीब डेढ़ टन लोहा बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया शुभारंभ'

**राकेश कुमार बंसल**

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिर-भरतपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के कुल 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने रीपा के ब्रोसर का विमोचन कर रीपा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन कृषि मजदूर नया योजना का शुभारंभ तथा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के एप्लीकेशन को लांच किया। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता वेब पोर्टल लॉन्च किया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पिपरिया स्थित रीपा स्थल में किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण एवं विधायक भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र श्री गुलाब कमरो ने महात्मा गांधी तथा छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर तथा राज्यगीत के साथ हुआ।

श्री कमरो ने फीता काटकर रीपा गतिविधियों का शुभारंभ किया तथा समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलास्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पी.एस.ध्रुव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## 'उत्कृष्ट कार्य के लिए समूह की महिलाएं हुई सम्मानित-'

इस दौरान समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया तथा खेल प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में समूह की महिलाओं द्वारा रीपा अंतर्गत निर्मित उत्पादों के स्टॉल भी लगाया गए। इसके साथ ही सोनहा बिहान आजीविका महिला संगठन द्वारा अधिवेशन सह आम सभा का आयोजन किया गया। 'जिले में कुल 06 गौठानो में स्व सहायता समूह की 206 महिलाएं जुड़ी आजीविकामूलक गतिविधियों से-' उल्लेखनीय है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाए गए है। इन पार्कों को ग्रामीण उत्पादन एवं सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। जिले में कुल 06 रीपा चयनित हैं जिसमें स्व सहायता समूह की कुल 206 महिलाओं को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ा गया है।चयनित रीपा विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के पिपरिया तथा परसगढ़ी, विकासखण्ड भरतपुर के बहरासी तथा जनकपुर, विकासखण्ड खड़गवां के चिरमी तथा दुबछोला हैं। विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के परसगढ़ी गौठान में रीपा अंतर्गत झाडू मेकिंग, बयोडिगडेबल बैग्स मेकिंग, पेपर कप और पेपर नैपकिन मेकिंग, स्लीपर चप्पल मेकिंग, स्टेशनरी प्रोडक्ट मेकिंग एवं प्रिंटिंग, वालेट पर्स एवं बैग मेकिंग यूनिट का संचालन स्व सहायता समूह की 38 महिलाएं कर रहीं हैं।

# जगदलपुर 24 और 25 मार्च को ड्रोन का संचालन प्रतिबंधित

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

**बस्तर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बस्तर प्रवास के दौरान 24 और 25 मार्च को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट वह करनपुर स्थित कोबरा बटालियन के कैंप से 5 किलोमीटर के दायरे में से सभी प्रकार के ड्रोन के संचालन पर कलेक्टर ने प्रतिबंधित प्रतिबंध लगा दिया।

**31 तक छुट्टी के दिन भी खुलेंगे पंजीयन का ख्याल:** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने पंजीयन कार्यालय को 31 मार्च तक छुट्टी के दिनों में भी लेनदेन जारी रखने के निर्देश दिए हैं। 25, 26 और 30 मार्च को भी पंजीयन दफ्तर खुले रहेंगे।

**प्रवीर चंद्र की 57 वीं पुण्यतिथि पर बाइक रैली आज:** प्रवीर बस्तर विकास वाहिनी, प्रवीर सेना द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली राजमहल की मुख्य द्वार से शुरू होकर जगदलपुर शहर की परिक्रमा के बाद राजमहल में समाप्त होगी साथ ही 25 मार्च को बलिदान दिवस की अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाना है।



**ओलावृष्टि से मौत पर बेटी को मिली 4लाख:** ओलावृष्टि के कारण बस्तर तहसील के ग्राम तालूर निवासी तेरगू की 18 मार्च को मृत्यु होने पर बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने ?4लाख की आर्थिक सहायता जारी की है सहायता राशि उनकी पुत्री सोनमती बघेल को मंजूरी कलेक्टर ने दी है।

**ढाई आखर पत्र लेखन स्पर्धा में अतुफा सलमान रही प्रथम:** भारतीय डाक विभाग ने बीते दिनों राष्ट्रीय स्तर पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसमें परिमंडल स्तर पर बस्तर संभाग की अतुफा सलमान सिद्दीकी ने पहला स्थान हासिल किया है उन्हें 25 हजार का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र डाक अधीक्षक एच एन शर्मा ने दिया।

# भिलाई/भिलाई शहर कांग्रेस सेवा दल और पूर्व सेवादल पदाधिकारियो के द्वारा मासिक ध्वज वंदन



**राकेश कुमार बंसल**

भिलाई। 26 मार्च को कांग्रेस सेवा दल के वर्तमान एवं निवृत्तमान पदाधिकारीयो के द्वारा संयुक्त रुप से वार्ड 33-35 के द्वारा संतोषी पारा डॉ. श्रीवास्तव के सामने मासिक ध्वज वंदन का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम उपसभापति इंजीनियर सलमान,विशेष अतिथि प्रदेश महासचिव जेआर साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष लखी नारायण सोनी, राजेश चौधरी उपस्थित। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अखिलेश श्रीवास्तव ने किया और ध्वज रक्षक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त लखी नारायण सोनी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में प्रमुख रूप से उमाशंकर शर्मा, संदीप कुमार,मनोज कुमार सिन्हा,गुरजीत सिंह,अजय शाह, संतोष साहू, मोहम्मद सलीम, सुरेखा सिन्हा,शांति देवी कोरी,विद्या देवी, कंचन विश्वकर्मा,सरिता देवांगन, सरस्वती चौहान, कौशल्या देवांगन, पुष्पा बाई, गंगाबाई,बुधंतीन साहू, कला साहू,ज्ञानमती,मालती साहू, मनीषा साहू,डिलेशवरी साहू,चंद्र मतिया साहू,सुमन लहरी,सीता लहरी, सविता देवांगन,निर्मला ठाकुर,शकुन सोनी,खुखबती, चमेली साहू,संध्या देवांगन,पायल साहू अन्नू,वंदना देवांगन,राजू प्रसाद,दुर्गेश प्रसाद इत्यादि मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## शह-मात का खेल शतरंज तिहार का शानदार आगाज, मात देकर दूसरे राउंड में पहुंचे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी


**रायपुर।** प्रदेश की सबसे बड़े इनामी राशि वाले स्विस लीग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 152 प्रतियोगी इसमें अपना भाग्य आजमा रहे हैं। प्रतियोगिता विप्र भवन समता कालोनी में आयोजित है। पहले प्रथम राउंड में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने मैच जीतकर एक अंकों के साथ दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दीपक राजपूत, शुभम बसोने, निर्मल शर्मा, अर्णव ड्रोलिया, तनीषा ड्रोलिया, जितेंद्र शर्मा, रितेश यादव, अद्वैत दांडे, रुद्रांश खरे, सौम्य अग्रवाल, अद्वित पांडेय, अथर्व अग्रवाल, डा. बृजराज तिवारी, ह्रत्वि जैन, यशस्वी उपाध्याय, अमल चौबे, श्रेय अग्रवाल समेत देर रात तक प्राप्त रिजल्ट के अनुसार 56 प्रतियोगियों ने एक-एक अंकों के साथ दूसरे चक्र में प्रवेश किया है। 20 बोर्डों पर कांटे का संघर्ष जारी रहा। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता का दूसरे और तीसरे राउंड के मैच खेले जाएंगे। दो अप्रैल को प्रतियोगिता का फाइनल होगा। इस प्रतियोगिता के निर्देशक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद अवधिया हैं। मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है।

# गोगपा एमसीबी जिला अध्यक्ष ने भरतपुर सोनहत विधायक पर लगाये आरोप

**राकेश कुमार बंसल**

सोनहत भरतपुर। एमसीबी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एमसीबी अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम सोनहत भरतपुर विधायक से प्रेस मीडिया के माध्यम से कुछ सवाल किए। कहा इनकी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा कल दिनांक25/03/2023 धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जो स्पष्ट है जिस जगह में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था वहां धरना प्रदर्शन करने का अनुमति किसने दिया। सत्ता पक्ष विपक्ष आपसी राजनीति चमकाने के लिए। एक हो जाते हैं वही एक आदिवासी महिला पर फर्जी द्व.द्व.ह्र.के तहत शराब के मामले में जेल भेज दिया जाता है। सोनहत भरतपुर विधायक उसमें चुप्पी साधे हुए हैं जो और आज दिनांक 26/03/2023 को विधायक महोदय फिर से धरना में बैठ गए गांव की जनता सब जाग चुकी है कलेक्टर महोदय को कई बार हमने आवेदन दिया उस पर कार्यवाही नहीं हो रही है उस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। आपके गृहग्राम साल्ही में ऐसे कई मामला है।जिस पर आज तक वर्तमान विधायक जी कुछ नहीं बोल रहे हैं।(1) गौठान निर्माण कार्य पूर्व से आरक्षित भूमि जिसका ख, नं,279 है।उस पर न बनाकर ख, नं 149 पर नियम विरुद्ध बिना ग्रामसभा का जबरन बनाया गया है।(2) वनाधिकार पत्र हेतु जगरनाथ, सुरजीत कमरो(विधायक का छोटा भाई),पवन सिंह का गलत तरीके से नियम विरुद्ध फाईल तैयार करके भेजा गया।(3) जगरनाथ द्वारा गलत तरीके से पूर्वजों से काबिज मनोहर का जमीन को अन्य किसान का बताकर बिना निराकरण और सार्वजनिक किये बिना ही गोपनीय तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है।(4) सन 1980-81 में तात्कालिन ग्राम पटेल(विधायक जी के दादा) द्वारा पवन शर्मा, राधिका देवी,सुमनलता के नाम गोपनीय तरीके से नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया है। जिसका मामला आज एसडीएम मनेन्द्रगढ में विचाराधीन है।।ये सिर्फ उनके गृहग्राम साल्ही का मामला है।ये सब मामला में विधायक जी आज तक क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं।इन सब मामलों में कब कार्यवाही होगी।अपने गांव के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए विधायक गुलाब कमरो जी।।गलत करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं करवाते है।





गोंडवाना गणतंत्र पार्टी



## चारामा ब्यूटी पार्लर में धूमधाम से मनाई गई महा अष्टमी बच्चों को कन्या भोज कराकर नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

चारामा,कांकेर। चारामा के हिमांशु ब्यूटी पार्लर में चैत्र नवरात्रि पर महा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कन्या भोज कराकर माता का आशीर्वाद लिया गया । सभी भक्तजनों ने मातारानी का दर्शन कर दुर्गा अष्टमी की विधि विधान से पूजा की और माता का पवित्र प्रसाद ग्रहण किया। विविध झाँकियां भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर हिमांशु ब्यूटी पार्लर की संचालिका चंद्रकांति नागे ने आदिशक्ति माता भवानी से सबके लिये आशीर्वाद की कामना की। कन्याभोज कराने के बाद बच्चों को दक्षिणा दिया गया। कार्यक्रम में प्रमिला साहू, लोकेश्वरी देवांगन, खोजमति सिन्हा और खिलेश्वरी यादव सहित नन्हें मुन्ने बच्चे उपस्थित थे।



# बिटिया जन्मोत्सव पर नवसृजन मंच ने किया बेटी वालो का सम्मान

**राकेश कुमार बंसल**

प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक सँस्था नवसृजन मंच द्वारा बहुआयामी आयोजन बिटिया जन्मोत्सव के अंतर्गत 101 बेटियों के माता पिता का सम्मान किया गया गया संस्था नवसृजन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया की बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने सस्था पिछले 7 वर्षो से यह आयोजन करती आ रही है जिसमे अब तक हजारों परिवारों को इस आयोजन के अन्तर्गत सम्मानित जा चुका है वृंदावन हाल सभागार में सम्पन्न हुए आयोजन में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव, अध्यक्षता ललिता मेहर डी एस पी महिला थाना, विशिष्ट अतिथि संगीता शाह प्रसिद्ध उद्योगपति उपस्थित थी अध्यक्षीय भाषण में संस्था के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा की विगत 7 वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है साथ ही संस्था की वर्षभर की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम की मुख्यातिथि पदम श्री फूलबासन यादव ने आयोजन की तारीफ करते हुए ऐसे आयोजन को प्रत्येक शहर में किया जाना चाहिए कहा अपने संघर्ष के दिनो को याद करते हुए फूलबासन यादव ने बकरी चराने से लेकर कौन बनेगा करोड़पति तक का सफर और महिला स्वसहायता समूह में 2 लाख महिलाओं को जोड़कर कार्य करना और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर शसक्त महिला के रूप में ऐसे ही कार्य करने की बात कही , डी एस पी ललिता मेहर ने छोटे से गांव से निकलकर शहर तक और पुलिस के उच्च विभाग तक के सफर की संघर्ष गाथा बताई 6 माह से भी कम उम्र की 101 बेटियो की किलकारी से सभागर गुंजायमान था जिसमे 2 दिन से लेकर 6 माह तक की बेटियां नवरात्र में माता स्वरूप में उपस्थित थी कार्यक्रम के आरम्भ में सर्वप्रथम कन्या कर 101 बेटियों की आरती कर पूजन किया गया जिसमें मा दुर्गा का स्वरूप धारण की हुई नन्ही बच्ची जसलीन कौर आकर्षण का केंद्र रही सभी 101 नन्ही बच्चियों को माता की चुनरी ओढाई गई और उनका और उनकी आरती उतारी गई , इसके साथ ही केंद्र एवम राज्य शासन की योजनाओं को महिला बाल विकाश की अधिकारी सपना ठाकुर द्वारा बताया गया द्वारा बताया गया, डा रश्मि चावरे आहार विशेषज्ञ ने आहार और पोषण सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा की बच्चे के जन्म के बाद अक्सर माँ अपने आहार को लेकर उतनी गम्भीर नही रहती उन्होंने आहार पोषण को लेकर लापरवाही न बरत खान पान पर विशेष गौर करने की बात कही 9 महिलाओं को अलग अलग क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए नारी शक्ति सम्मान सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें जिसमे अलग अलग क्षेत्र से कृति अग्रवाल व्यवसाय, संध्या शर्मा विधि, श्रुति सिंह पुलिस सेवा, स्वप्निल कर्महे कला, डा संध्या गुप्ता शिक्षा, याशी जैन साहस, रिंकी अरोरा स्वास्थ्य, मधुमिता पाल पत्रकारिता, भारती मोदी समाज सेवा, मधु यादव शिक्षा को सम्मानित किया गया।



# रक्षक बने भक्षकः अपने ही पुलिस विभाग के सब इंस्पेक्टर अमर सिंह सीआईडी को जालसाज कर किया परेशान

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

## सांसद सदस्य दिग्विजय सिंह ने जांच के लिए लिखा पत्र






**भोपाल।** माननीय न्यायालय श्रीमती अश्विनी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भोपाल द्वारा सुदर्शन नामक कुख्यात बदमाश वाहन चोरी एवं रजनीकांत शुक्ला डीएसपी सेवानिवृत्त के विरुद्ध मानहानि आदेश दिनांक 11/01/1023 को जारी किए गए। रजनीकांत शुक्ला ने सुदर्शन नामक व्यक्ति को माध्यम बनाकर अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सहयोग से अनुसूचित जाति के उपनिरीक्षक अमर सिंह को सन 206 में बगैर लोकायुक्त के नकली नोटों की गड्डी तैयार कर मनगढ़ंत झूठे भ्रष्टाचार के प्रकरण में षड्यंत्र पूर्वक फंसाने व अकारण परेशान करने के उद्देश्य से अमर सिंह को फंसाया गया था। ताकि अनुसूचित जाति का व्यक्ति नौकरी से हट जाये। तथा भूखों मरने की नौबत आ जाये। झूठा मुकदमा दर्ज किया गया जो कि माननीय न्यायालय में गया जहाँ पर सुनवाई के दौरान अमर सिंह को माननीय न्यायालय ने दोष मुक्त कर दिया गया। तथा धोखा से फंसाने वालों के खिलाफ मानहानि का आदेश दिया गया। एक ईमानदार रक्षक के साथ जातिगत सोच के आधार पर एवं सामंतवादी सोच रखने वाले कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा अमर सिंह को लगातार शारीरिक, मानसिक और आर्थिक पीड़ा देकर परेशान किया जा रहा है। अपने न्याय के लिए दर - दर भटकना पड़ रहा है। इनके पास सभी सबूत होने के बाद भी न्याय नही मिल रहा है। संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश नंदमेहर ने माननीय सांसद सदस्य श्री दिग्विजय सिंह जी को पत्र लिखकर अमर सिंह के प्रकरण पर कार्यवाही कराने का अनुरोध किया है। जिस प्रकरण को श्री दिग्विजय सिंह ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय भोपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा इस प्रकरण की जांच कराई जाए। साथ ही आवश्यक कार्यवाही का उल्लेख किया है। मध्यप्रदेश में ऐसा झूठा प्रकरण बनाये जाना निहायत ही शर्मनाक है, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के बुद्धिजीवियों और इनके सामाजिक संगठनों में काफी नाराजगी जाहिर की जा रही है। तथा शासन /प्रशासन से मांग की जा रही है कि एक अनुसूचित जाति के पुलिस सब इंस्पेक्टर को जातिगत भेदभाव के आधार पर प्रताड़ित किया गया है। वहीं उनकी सामाजिक व व्यक्तिगत रूप से मानहानि की गई है। जो कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सन 1998 के तहत अपराध माना गया है कि किसी लोकसेवक के द्वारा अनुसूचित जाति के अधिनिष्ट कर्मचारी को यदि तंग करने या उसे नीचा दिखाने की मंशा से कोई कृत्य किया गया है तो वह अन्य धाराओं के साथ ही एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज होने का प्रावधान है। अब देखना होगा कि अमर सिंह के लिए कब और कहां से न्याय मिलेगा। जबकि वह बेगुनाह है, ईमानदार है और जानबूझकर जिन पुलिस अधिकारियों ने उन पर गहरी चाल चलके परेशान किया है। उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही होगा अपने न्याय के लिए और कितना अमर सिंह को भटकना होगा।

# मुख्यमंत्री ने ज़िले की आठ एम.एस.एम.ई. इकाइयों को 01.69 करोड़ की अनुदान राशि की वितरित




**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की खास रिपोर्ट**


राजगढ़। महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती सीमा सोलंकी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र राजगढ़ में आज मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल श्री शिवराज चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से एम.एस.एम.ई. की आठ औद्योगिक इकाईयों को कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा स्वीकृत उद्योग विकास अनुदान का वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत आठ एमएसएमई इकाईयों को सिंगल क्लिक से 1,69,23,289 रूपये राशि का वितरण कर लांभावित किया गया। इन इकाईयों द्वारा 250 से अधिक रोजगार प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराया गया। यह कार्यक्रम भोपाल से प्रदेश के समस्त जिला सूचना केन्द्र राजगढ में वर्चुअल सम्पन्न किया गया। इसमें लाभांवित इकाईयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री श्री चौहान के उद्बोधन को सुना एवं मुख्यमंत्री द्वारा इकाई प्रतिनिधियों से संवाद किया।

# भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल

## प्रमुख सचिव को भेजा गया नोटिस एवं संपूर्ण रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आयोग में भिजवाने का आदेश दिया

**इंजी. राहुल अहिरवार**

**भोपाल।** अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी अधिकारी संयुक्त संचालक श्री सुधीर कुमार जैन एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग ग्वालियर श्री हरी बाबू शर्मा के खिलाफ जांच हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा मध्य प्रदेश शासन के माननीय प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल को लेख किया गया है, एवं 15 दिन के अंदर संपूर्ण जांच रिपोर्ट मांगी आयोग के पत्र की कॉपी इंजीनियर राहुल अहिरवार को ईमेल के माध्यम से भेजी गई है, मीडिया रिपोर्ट में इंजीनियर राहुल अहिरवार द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश के उपरोक्त दोनों अधिकारी गंभीर भ्रष्टाचार एवं छात्रवृत्ति घोटालों में कई वर्षों से लिप्त है तथा इन अधिकारियों की उच्च स्तर पर राजनीतिक पकड़ होने के कारण इन पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती तथा उपरोक्त दोनों अधिकारियों द्वारा मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध इंजीनियर संस्था रूढ़.ञ.स् तङ्खस्ढ्हक्र के अनुसूचित जाति छात्रों को विगत 2018 से पूर्ण छात्रवृत्ति से वंचित किया जा रहा है अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी अधिकारी होने के कारण इनकी कोई मंशा नहीं होती कि अनुसूचित जाति के छात्र पढ़ाई करें छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा एवं मुक्त शिक्षा के घोषणा एवं संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद भी उपरोक्त अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी अधिकारियों के द्वारा छात्रों को वंचित रखा जा रहा है छात्रों द्वारा एक बर्ष से पूर्ण छात्रवृति भुगतान हेतु नियंत्रण पत्राचार किया जा रहा अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी संयुक्त संचालक श्री सुधीर कुमार जैन एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्री हरी बाबू शर्मा के द्वारा छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रखा जा रहा, इंजीनियर राहुल अहिरवार के द्वारा बताया गया कि अगर जल्द ही छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिलती है तो समस्त छात्रों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार शासन प्रशासन के प्रमुख अधिकारी होंगे।



5-माननीय सचिव सिंह आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल
6- श्री प्रदीप अहिरवार अनुसूचित जाति आयोग एम पी नगर भोपाल
7 - माननीय दीपक सिंह आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर

विषय: अनुसूचित जाति जनजाति विभाग संयुक्त संचालक श्री सुधीर कुमार जैन एवं जनजाति कार्य विभाग जिला ग्वालियर के प्रभारी सहायक आयुक्त श्री एच.बी शर्मा को निलंबित कर अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही करने बाबत,

महोदय / महोदया

उपरोक्त विषय मे पूर्व पत्र सलंग्न है, जिसमे प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति विभाग भोपाल ने कृत्य कार्यवाही हेतु आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को प्रेषित किया लेकिन अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी अधिकारी संयुक्त संचालक अनुसूचित जाति विभाग भोपाल श्री सुधीर कुमार जैन एवं सहायक आयुक्त ग्वालियर श्री हरि बाबू शर्मा द्वारा निरंतर 4 बर्षो से एम.आई.टी.एस ग्वालियर को गुमराह किया जा रहा, तथा अपनी प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए मन माने आदेश निकाले जा रहे, जिसमे बिगत राष्ट्रीय आयोग अनुसूचित जाति विभाग नई दिल्ली, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति विभाग, एवं अनेको शिकायते सी. एम हेल्पलाइन पर दर्ज है, सी एम हेल्पलाइन पर अपूर्ण जानकारी भर कर उन्हे फोर्स क्लोसद् कर दिया जाता है,

अतः समस्त अनुसूचित जाति जनजाति छात्र/ छात्रा एम.आई.टी.एस ग्वालियर निवेदन करते है,

# डॉ भीमराव अम्बेडकर चल समारोह समिति के अध्यक्ष बने रामकुमार निधार

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**



ग्वालियर। कुशवाह गार्डन , गोलपहाड़िया पर डॉ भीमराव अम्बेडकर चल समारोह समिति की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल 2023 को गोलपहड़िया से फूलबाग तक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इस चल समारोह के लिए बैठक मे अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे गए। उसके पहले सभी सदस्यों से पूछा गया कि अध्यक्ष मे कौन कौन से गुण होना चाहिए। सभी ने कहा जो तन मन धन, समर्पण के साथ कार्य करे। जिसके पास देने के लिए पर्याप्त समय हो। सभी सदस्यों ने कहा कि जो भी अध्यक्ष बनना चाहता है वो आगे आ सकता है। बैठक मे केवल पूर्व तहसीलदार रामकुमार निधार ने अध्यक्ष बनने की मंशा जाहिर की। अन्य सभी ने सर्वसम्मति से उनके नाम पर सहमति दी। चुनाव की नौबत ही नही आई। इसके तुरंत बाद ही कमेटियों का गठन कर दिया गया। बैठक मे रामकुमार निधार,सुशीला पिप्पल, ओमप्रकाश राजौरिया, उत्तम जाटव, ज्ञानचंद निधार, लक्ष्मीनारायण जाटव, रामदयाल, रामस्वरूप, ओमप्रकाश सगर,नरेश कुमार उर्फ लोटन, मोहन सिंह सेंगर, मुनेश निगम, अमृतलाल जाखोटिया, मनीराम यादव, जगदीश पलैया, बालकृष्ण माने, धन्नालाल मंसूरिया, पी एल सत्यार्थी, नेतराम सिमोल, राजेश पक्षवार, मनीराम कैन, रामेश्वर इमले, नत्थाराम राजौरिया, फूलसिंह माथुर, सुभाष राव गौतम, केदार सिंह अटल, वीरेंद्र मेकले,संजीव जयंत, नरेंद्र मेकले, मुकेश कुमार, अजय पलैय,जितेंद्र उचाडिया, दयाल सिंह जाटव, कमलेश मंसूरिया, केदार सिंह अटल, दीपक पलेया, बंटी जाटव, योगेश पक्षवार,नंदकिशोर सुनहरे, मनीराम कैन, श्यामलाल जाटव, ज्वाला प्रसाद, जगदीश निगम, कमल गर्ग, मुन्नालाल, महेंद्र कुमार, राजकुमार, मदन, कैलाश नारायण, बारेलाल, आर एस भारती, राहुल, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश बाबू ने किया।

# कोविड-19 और इनफ्लुएंजा पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**



बचाव के लिये आवश्यक सावधानियां रखें

**राजगढ़।** केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तारतम्य में राज्य सरकार ने कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा से बचाव के लिये संयुक्त एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी के अनुसार देश में मध्य फरवरी के बाद से, कोविड-19 के मामलों में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। देश के कुछ राज्यों में सक्रिय कोविड-19 के मामले रिपोर्ट किए जा रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को आईएलआई, एसएआरआई केसेस की मॉनिटरिंग किये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इनफ्लुएंजा एवं कोविड-19 के लक्षण लगभग समान है। अतः कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की सलाह दी गई है। इन रोगों के संचरण को सीमित करने के लिए, विशेष रूप से श्वसन और हाथ की स्वच्छता के पालन के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसमें विशेष रूप से सह-रुग्ण व्यक्तियों और बुजुर्गों को भीड़भाड़ और बंद स्थानों से बचना है। स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ रोगियों और उनके परिचारकों को मास्क पहनना है। भीड़भाड़ वाली और बंद जगहों पर मास्क पहनना, छींकते या खाँसते समय नाक और मुँह को ढँकने के लिए रूमाल/टिश्यू का इस्तेमाल करना है। हाथों की स्वच्छता बनाए रखना/हाथों को बार-बार धोना है। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से परहेज करना है। जाँच को बढ़ावा देना और लक्षणों की जल्द जानकारी देना है।

# लाडली बहना योजना आवेदन में नवअंकुर संस्थाएं सक्रियता से भूमिका निभाएः राजगढ़ कलेक्टर

**मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**

राजगढ़। जिला पंचायत सभागृह में संवाद योजना अंतर्गत त्रैमासिक बैठक में जिले की समस्त नवअंकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री हर्ष दिक्षित ने समस्त नवअंकुर संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें सभी संस्था अपने सेक्टर में अधिक से अधिक आवेदन के लिए कार्य करें एवं जो भी कोई समस्या आए उसमें तत्काल उसको दूर करें। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भी खाते अपडेट किए जा रहे हैं और जिनका खाता नहीं है उनके खाते ही तुरंत खोले जा रहे है। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में नल-जल योजना आने के बाद गांव में जलभराव की स्थिति होने लगी है। इसलिए योजना बनाकर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाए और ग्राम स्तर पर जैविक कृषि में नवाचार किए जा रहे हैं। उनको प्रोत्साहित करने हेतु आगे बढ़ाने में सहयोग करना बैठक में संभाग समन्वयक श्री वरुण आचार्य द्वारा जन अभियान परिषद के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के संबंध में नवअंकुर समितियों से मोबाइल ऐप डाउनलोड एवं प्रतिदिन कार्यों का पोर्टल में एंट्री करने तथा परिषद की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला समन्वयक श्री प्रवीण सिंह पंवार द्वारा नवांकुर संस्थाओं की त्रैमासिक बैठक के संबंध में अवगत कराते हुए गत 3 माह के कार्य की समीक्षा की गई। संस्थाओं को अपने कार्यों को करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं का धरातल पर लोगों को लाभ दिलवाने का कार्य करने के लिए जानकारी प्रदान की तथा नवांकुर संस्था अपने सेक्टर की समितियों के साथ भ्रमण कर बैठक में सभी समितियों को लाड़ली बहना योजना में अधिक से अधिक कार्य करने के बारे में निर्देश दिए। विकासखंड समन्वयक श्री मंगल व्यास, श्री बीरम् सिंह, श्री खजान सिंह, श्री बद्री बामनिया, सुश्री भावना लाम्बाते सहित जिले की 30 नवांकुर संस्था उपस्थित रही।

# मध्यप्रदेश से सामाजिक कार्यकर्ता अतरसिंह ने दिल्ली में मजदूरों के हक में दिया धरना



भले ही केंद्र और प्रदेश सरकारें ढिंढौरा पीटती हों कि गरीबों की सरकारें हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है। पिछले एक सप्ताह से जंतर मंतर मैदान दिल्ली में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हजारों नरेगा (मनरेगा) मजदूरों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी है। मध्यप्रदेश से मजदूरों के युवा नेता अतरसिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को भारत में दोयम दर्जे का समझा जाता रहा है जो कि गलत है। न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलती है और न सरकारों ने मजदूरों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कोई विशेष प्रावधान किए हैं। आसमान छूती हुई महगाई में मजदूरों के बच्चे निजी स्कूलों में नहीं पढ़ सकते हैं। अतः श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि मनरेगा मजदूरों को 600 रुपए प्रति दिन की दर से मजदूरी मिलना चाहिए साथ ही ऐप को हटा दिया जाए। दिनांक 21 मार्च 2023 को मध्यप्रदेश की ओर से भी आवाज बुलंद करते हुए मजदूरों ने एक जुटता दिखाई और सरकार को चेताया कि शीघ्र ही हमारी मांगे पूरी करें धरना से नहीं उठेंगे।

## संपादकीय

# संवेदना की कीमत

दे झारखंड में एक बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद कथित रूप से बेच दिए जाने की घटना को प्रथम दृष्ट्या मां की संवेदनहीनता और ममता के कारोबार के रूप में देखा जा सकता है। लेकिन ऐसी घटनाएं कई बार परतों में गुंथी होती हैं और उसमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं। झारखंड के चतरा में जिस बच्चे को साढ़े चार लाख रुपए में बेचे जाने की खबर आई, उसमें मां के हाथ में एक लाख रुपए आए। बाकी के साढ़े तीन लाख रुपए बिचौलियों या दलालों के हाथ लगे। चूंकि इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई और समय रहते सक्रियता भी दिखी, इसलिए बच्चे को बरामद कर लिया गया और कई आरोपी पकड़े गए। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल थे, उससे साफ है कि इसे सोच-समझ कर अंजाम दिया गया। निश्चित रूप से इस मामले में मां की ममता कठघरे में है, मगर कई बार अपने ही बच्चे के बदले पैसा लेने की नौबत आने में हालात भी जिम्मेदार होते हैं। वरना अपने बच्चे का सौदा करना किसी मां के लिए इतना आसान नहीं होता है। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें बच्चे की बिक्री मां के हाथों ही होने की घटना सामने आई हो। झारखंड और ओड़ीशा के गरीब इलाकों से अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें कुछ हजार रुपए के लिए ही बच्चे को किसी के हवाले कर दिया जाता है। सवाल है कि बच्चे को बेचने के पीछे क्या कारण होते हैं, उनके खरीदार कौन होते हैं और ऐसी सौदेबाजी को आमतौर पर एक संगठित गतिविधि के रूप में क्यों अंजाम दिया जाता है। झारखंड की ताजा घटना में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थीं। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में इतना महत्व नहीं रखती थीं कि उसके बेटे की भूख की भरपाई हो सके।

## आलेख

# कामयाबी की उड़ान

अंतरिक्ष में उपग्रहों के प्रक्षेपण के क्षेत्र में कामयाबी के सफर में नया अध्याय जोड़ते हुए भारत ने एक बार फिर यह साबित किया कि इस मोर्चे पर वह दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले बेहतर क्षमता हासिल करने जा रहा है। रविवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने बाहुबली कहे जाने वाले अपने सबसे भारी एलवीएम-3 राकेट के जरिए ब्रिटेन स्थित वनवेब समूह कंपनी के छत्तीस उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष में किए जाने वाले प्रयोगों में भारत ने अपनी उपलब्धि की एक और कड़ी जोड़ दी। गौरतलब है कि चेन्नई से करीब एक सौ पैंतीस किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर लांच पैड से एलवीएम-3 ने निर्धारित समय पर उड़ान भरी और तय समय में उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर दिया। छत्तीस उपग्रहों का कुल वजन लगभग पांच हजार आठ सौ पांच किलोग्राम था। वनवेब कंपनी के लिए ही पहले छत्तीस उपग्रह भी पिछले साल



अक्तूबर में प्रक्षेपित किए गए थे। कहा जा सकता है कि अंतरिक्ष में नए प्रयोगों के मामले में भारत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास जगह बना रहा है। ताजा कामयाबी की अहमियत इस रूप में है कि वनवेब समूह कंपनी और इसरो की वाणिज्यिक कक्षा में बहत्तर उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए एक करार हुआ है, जिसके तहत यह दूसरा प्रक्षेपण था। पहले प्रक्षेपण में भी छत्तीस उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो और वनवेब के बीच तालमेल का अपना महत्व है। वनवेब अंतरिक्ष से संचालित एक वैश्विक संचार नेटवर्क है, जो सरकारों और औद्योगिक इकाइयों को संपर्क की सुविधा मुहैया कराता है। अब तक इसरो के भारी उपग्रह वाहन ने उम्मीद के मुताबिक बेहतर क्षमता के साथ प्रदर्शन किया है और अंतरिक्ष यान को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया है। एलवीएम-3 दरअसल इसरो के राकेट वाहक वाहन जीएसएलवीएमके-तीन का नया नाम है, जो कक्षा में सबसे भारी उपग्रहों को स्थापित करने की क्षमता रखता है। अब तक आमतौर पर इसका प्रदर्शन निर्धारित कसौटियों पर अपेक्षा के अनुकूल ही रहा है। यही वजह है कि वनवेब या वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले अन्य देशों और संबंधित कंपनियों की नजर इसरो की इस वाणिज्यिक कक्षा पर है। इन कामयाब प्रक्षेपणों के महत्व को इस रूप में समझा जा सकता है कि वक्त के साथ जैसे-जैसे सरकार और प्रशासन के कामकाज में विस्तार आ रहा है, दूरदराज के इलाकों में पहुंच आसान हो रही है, विकास और उपलब्धियों का लाभ साधारण लोगों तक पहुंचाने की कोशिशें हो रही हैं, उसके आधार-तत्व के रूप में समूचे तंत्र की प्रक्रिया में डिजिटल स्वरूप की भूमिका बढ़ रही है। वनवेब कंपनी के प्रक्षेपणों के जरिए भारत के न केवल उपक्रमों, बल्कि कस्बों, गांवों, नगर निगमों और स्कूल समेत उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित संपर्क की सुविधा मुहैया कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। यों पिछले लंबे समय से अंतरिक्ष में अपने बूते अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें कामयाबी के जरिए भारत ने दुनिया के सामने खुद को एक मजबूत केंद्र के रूप में साबित किया है। खासतौर पर विज्ञान के क्षेत्र में लगातार उच्च स्तर के काम के जरिए वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले बेहतर और सुरक्षित विकल्प दिया है।

## फोटो में आज



बिलासपुर देश का भविष्य युवाओं के सपनों से गढ़ा जाएगा-राज्यपाल।

## हेल्थ


### खूबसूरती बढ़ाने करें ये घरेलू उपाय

खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं तरह तरह के उपाय करती हैं और महंगे सौंदर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल करती हैं पर क्या आप जानती हैं खूबसूरती का खजाना आपके रसोईघर में ही उपलब्ध है। आपके घर में ऐसे ढ़ेर सारे खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जो हमारी सुंदरता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। दूध -प्रतिदिन चेहरे पर रुई के फाहे से कच्चा दूध लगाने पर चेहरे पर मौजूद ध्ब्बे हल्के हो जाते हैं। बाद में चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से साफ कर लें।

आलू कच्चे = आलू का रस निकालकर त्वचा पर लगाने से दाग-धब्बों से राहत मिलती है। आलू में मौजूद पोटेशियम सल्फर, फास्फोरस और कैल्शियम त्वचा की सफाई में मदद करता है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन को मिली सफलता

# कूनो पालपुर में बढ़ा चीता परिवार : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप अफ्रीका से भारत लाकर मध्यप्रदेश के कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने का प्रकल्प सफल हुआ है। कूनो में चीता परिवार बढ़ रहा है। कूनो नेशनल पार्क, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के सफल प्रबंधन से सुखद परिणाम मिल रहे हैं। चीता प्रोजेक्ट की सफलता के लिए वन विभाग की टीम बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत में चीता की सुखद वापसी हुई है, मध्यप्रदेश चीता स्टेट बना है। कूनो पालपुर में चीता परिवार में चार शावकों के आगमन से प्रदेशवासी हर्षित हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशवासियों और वन्य-प्राणी जगत के लिए 29 मार्च 2023 बुधवार का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ी गई 3 वर्ष की नामीबियाई मादा चीता सियाया ने चार चीता शावकों को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 17 सितम्बर 2022 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीका से लाए गए चीते छोड़े थे। इन नर और मादा चीतों द्वारा पहली बार भारत भूमि पर वंश वृद्धि की गई है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस भी है महत्वपूर्ण सौगात

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल और मध्यप्रदेश को दी गई एक महत्वपूर्ण सौगात है। यह ट्रेन एक अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल यात्रा के दौरान रानी कमलापति स्टेशन से फ्लेग ऑफ कर ट्रेन रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एक अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। वे तीनों सेनाओं के कमांडर्स की कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और सीडीएस भी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आगमन मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए हर्षदायी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का भोपाल के नागरिक अभिवादन कर स्वागत करेंगे।

## स्टोरी

# याददाश्त बढ़ाने का करे उपचार /प्रयोग

आजकल मनुष्य शांत नहीं बैठना चाहता हैं, वह कार्य में व्यस्त रहेगा या फिर मोबाइल में लगा रहेगा, इससे मनुष्य की शक्ति का दुरूपयोग भी कह सकते हैं या फिर वह कोई न कोई अनवांछित क्रियाओं में लगा रहता हैं। खाली दिमाग शैतान का घर होता हैं, इसका मतलब आप मष्तिष्क का अतियोग, मिथ्यायोग या हीनयोग करें। शक्ति के रूप तीन प्रकार से उपयोग कर सकते हैं, सकरात्मक, नकारात्मक या संचयात्मक। वर्तमान में मानसिक तनाव, ईर्ष्या, चिंता, कुंठा, जलन, प्रतिस्पर्धा आदि के कारण हमारी ऊर्जा इन क्षेत्रों में अधिक खर्च होती हैं, जिससे हम बाहर निकलने में बहुत समय खरच करते हैं। याददाश्त कम होने की शिकायत सब करते हैं, लेकिन जब तक यह एक गंभीर बीमारी न बन जाए लोग इसके लिए कोई उपाय नहीं करते। याददाश्त को तेज करने के



लिए इन बातों को पालन कर सकते हैं। तकनीति से भरे इस समय में किसी चीज को याद रखने की जरूरत नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में ज्यादातर लोगों को बातों को याद नहीं रहती। यहां तक की सबसे करीबी व्यक्ति का बर्थडे याद रखने के लिए भी लोग मोबाइल में रिमाइंडर या सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन पर डिपेंड रहते हैं। आपकी यह भूलने की आदत अल्जाइमर, डिमेंशिया जैसे बीमारी का भी लक्षण हो सकती है। ऐसे में जरूरी है समय रहते अपनी याददाश्त को दुरुस्त करने के उपाय करें। नींद याददश्त को बूस्ट करने का काम करता है। दरअसल, जब आप रात में सोते हैं, तो न्यूरॉन्स (जिन्हें सिनैप्स कहा जाता है) के बीच का कनेक्शन उन यादों को हटाने का काम करते हैं, जिनकी आपको जरूरत नहीं होती है। रात के दौरान सिनैप्स की यह चुनिंदा छंटाई आपको अगले दिन नई यादें बनाने के लिए तैयार करती है। एक वयस्क को कम से कम 7-8 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है। याददाश्त में सुधार करने के लिए रोज शारीरिक गतिविधियों को करने की सलाह देती है। जब एक्सरसाइज या व्यायाम करते हैं, जो इससे पूरे बॉडी के साथ दिमाग में ब्लड का सर्कुलेशन बढ़ता है। जिससे सेल्स बेहतर तरह से अपना काम कर पाते हैं। याददाश्त को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है, आप अपने दिमाग को नए चीजों को सीखने में लगाएं। जब आप ऐसा करते हैं, तो ब्रेन में नए न्यूरॉन्स कनेक्शन बनते हैं। यह आपके मेमोरी को बूस्ट करने का काम करते हैं। हालांकि मल्टी टास्किंग करने वालों की डिमांड आज के समय में काफी

### तीन मैच की सीरीज में 1-0 से ली बढ़त

# बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच जीता, DLS मेथड से आयरलैंड को 22 रन से हराया

**चटगांव**

आयरलैंड इस समय बांग्लादेश के टूर पर है। दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 मुकाबले और एक टेस्ट खेला जाएगा। चटगांव में खेले गए पहले टी-20 में बांग्लादेश ने आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस मेथड से 22 रन से हराया। टॉस जीत कर आयरलैंड ने फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खो कर 207 रन बनाए। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला। आयरलैंड को 104 रन का टारगेट मिला जो वह 8 ओवर में पूरा नहीं कर पाए।



## बांगलदेश की धमाकेदार ओपनिंग

बांग्लादेश के लिए लिटन दास और रोनी तालुकदार ने ओपनिंग की। दोनों ने मिल कर टीम को शानदार शुरुआत दी और 91 रन जोड़े। बाद में नजमुल होसैन शान्तो ने 14, शमीम होसैन ने 30 और तरोहिद हृदोय ने 13 रन जोड़े। कप्तान शाकिब अल हसन नाबाद रहे। उन्होंने 13 बॉल में 20 रन बनाए। मेहदी हसन ने 4 रन जोड़े। आयरलैंड की ओर से क्रैग यंग को 2 विकेट मिले। वहीं ग्राहम ह्यूम, मार्क अडायर और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट मिला।

## आयरलैंड की बल्लेबाजी फेल

DLS मेथड की वजह से आयरलैंड को 8 ओवर में 104 रन का लक्ष्य मिला। बल्लेबाजी करने उतरे पॉल स्टर्लिंग और रॉस अडायर 17 रन बना कर आउट हुए। लॉर्कन टकर 1 रन ही बना सके और हैरी टेक्टर ने 19 रन बना कर संभालने की कोशिश की, लेकिन तस्किन ने उनका विकेट ले लिया। जॉर्ज डेलनी नाबाद रहे। उन्होंने 14 बॉल में 21 रन बनाए। आयरलैंड 8 ओवर में 81 रन ही बना सकी। जीत के साथ ही बंगलदेश ने 3 टी-20 की सीरीज में 1-0 से बढ़त ली। बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच का अगला मुकाबला कल यानी 29 मार्च को खेला जाएगा।

## पाकिस्तान ने तीसरा टी-20 जीता

शारजाह। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच UAE के शारजाह में खेले गए तीसरे और आखिरी टी-20 में आखिरकार पाकिस्तान को जीत मिल ही गई। पकितस्तान ने अफगानिस्तान को 66 रन से हराया। टॉस अफगानिस्तान ने जीता और फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 182 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान 116 रन पर ही ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान के कप्तान शादाब शान ने अपने 87 वें मैच में 100 टी20 विकेट पूरे करने वाले पहले पाकिस्तानी और कुल मिलाकर सातवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम में सभी बल्लेबाजों ने थोड़े-थोड़े रन बनाए। ओपनिंग करने उतरे मोहम्मद हारिस 1 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद तय्यब ताहिर ने 10 रन बनाए। अफगानिस्तान के सभी गेंदबाजों को विकेट मिले। मुजीब उर रहमान को 2 विकेट हासिल हुए।

# विराट बोले- दो ड्रिंक के बाद रातभर नाचता था, अब ड्रिंकिंग छोड़ चुका हूं




**नई दिल्ली**

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 24 मार्च को इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स अवॉर्ड में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक कहा कि वो पहले की तरह अब लेट नाइट पार्टीज में नहीं जाते। पहले वो रात तीन बजे तक जागते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब वो 9.30 बजे तक सो जाते हैं।

विराट ने कहा- पहले 2-3 ड्रिंक के बाद मैं रातभर डांस करता था। अब ड्रिंकिंग छोड़ दी है। विराट और अनुष्का ने स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। अनुष्का ने कहा, अब हम रात 9:30 बजे तक अपने बेड पर होते हैं। पहले रात 3 बजे तक जागते थे, लेट नाइट पार्टी करते थे, लेकिन वामिका के जन्म के बाद ये संभव नहीं है। ये कोई एक्सक्यूज नहीं, रियलिटी है। बच्चे के जन्म के बाद आप बहुत ज्यादा सोशल नहीं हो सकते। हम इससे खुश हैं, क्योंकि हम दोनों ही ज्यादा सोशल रहना पसंद नहीं करते। हमें छोटी-छोटी चीजें पसंद हैं, जैसे घर पर वक्त बिताना। हमें एक-दूसरे के साथ वक्त बिताने का ज्यादा समय नहीं मिलता इसलिए जब भी समय मिले, हम इसे फैमिली के साथ बिताना पसंद करते हैं।

## ड्रिंक के बाद किसी चीज की परवाह नहीं होती थी- विराट

विराट ने कहा, अब तो मैं ड्रिंक नहीं करता, लेकिन पहले जब भी किसी पार्टी में जाता तो दो-तीन ड्रिंक के बाद मैं रुकता नहीं था। रात भर डांस करता था फिर मुझे किसी चीज की परवाह नहीं होती थी। खैर ये सब पहले की बात है। अब ऐसा नहीं होता। अनुष्का से पूछा गया कि दोनों में से कौन डांस फ्लोर पर सबसे ज्यादा डांस करता है अनुष्का ने विराट की तरफ इशारा करते हुए कहा कि विराट को सिंगिंग और डांसिंग काफी पसंद है। विराट की मेमोरी बहुत अच्छी है। डेट करने से पहले, मैं विराट की इसी क्वालिटी से इम्प्रेस हुई थी।

# कारोबार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3530-3560, खोपरा गोला 125-145, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 300-315, ऊंझा हल्का 325-330, मीडियम 345-360, बेस्ट 365-380, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बारी?क 190-225, कालीमिर्च एटम 545-555, गरबल 527-533, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 405-415, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1380-1400, मैदा कट्टा 1440-1460, रवा कट्टा 1480-1500, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1800-1850, (160) 1900-2000, (200) 2100-2150, (250) 2250-2300

**तेल :-** सींगदाना 1710-1720, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2700, सोया साल्वेंट 990-995, सोया रिफाइंड 1030-1035, कपास्या 935, धूलिया 940, कड़ी 940,

**तिलहन :-** सरसो 5900-6100, रायडा 4600-4900, सोयाबीन 4800-5250, टोली (महुआ बीज) 4100-4150,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5200-5250, एवरेज 4850-4950, विशाल 4850-4925, काबूली चना बिटकी 6000-6500

### समझें इससे आपका फंड कितना बढ़ेगा

# EPFO ने ब्याज दर 0.05% बढ़ाई, PF पर साल 2022-23 में 8.15% ब्याज मिलेगा

**नई दिल्ली**

सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए PF अकाउंट में जमा राशि पर ब्याज दर को 8.10% से 0.05% बढ़ाकर 8.15% कर दिया है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने मंगलवार को इसका ऑफिस ऑर्डर जारी किया। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सरकार ने PF पर ब्याज दर को घटाकर 8.10% कर दिया था, जो 43 साल का सबसे निचला स्तर था। देश के करीब 6 करोड़ कर्मचारी PF के दायरे में आते हैं।




EPFO एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12% PF अकाउंट में जाता है। तो वहीं, कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12% कॉन्ट्रीब्यूट करती है। कंपनी के 12% कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67% PF अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33% पेंशन स्कीम में जाता है। वही कर्मचारी के कॉन्ट्रीब्यूशन का सारा पैसा PF अकाउंट में जाता है।

ऐसे में मान लीजिए आपके PF अकाउंट में 31 मार्च 2023 तक (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ओपनिंग बैलेंस) कुल 5 लाख रुपए जमा हैं। ऐसे में अगर आपको 8.10% की दर से ब्याज मिलता तो आपको 5 लाख पर 40,500 रुपए ब्याज के रूप में मिलते। लेकिन अब ब्याज दर को बढ़ाकर 8.15त्न करने के बाद आपको 40,750 रुपए ब्याज मिलेगा। 1952 में PF पर ब्याज दर केवल 3% थी। हालांकि, उसके बाद इसमें बढ़त होती गई। पहली बार 1972 में यह 6% के ऊपर पहुंची। 1984 में यह पहली बार 10% के ऊपर पहुंची। PF धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था। इस दौरान PF पर 12% ब्याज मिलता था। इसके बाद ब्याज दर में गिरावट आनी शुरू हो गई। 1999 के बाद ब्याज दर कभी भी 10% के करीब नहीं पहुंची। 2001 के बाद से यह 9.50% के नीचे ही रही है।

## लॉजिस्टिक्स कॉस्ट घटाने पर काम कर रही सरकार

नई दिल्ली। सरकार लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को मौजूदा 13% से घटाकर GDP के 7.5% पर लाने के लिए काम कर रही है। मंगलवार को एसोचैम के एनुअल सेशन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये बात कही। उन्होंने कहा, देश के इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और लॉजिस्टिक्स कॉस्ट में कमी के बिना डेवलपमेंट संभव नहीं है।

# रिलायंस ने लॉन्च किया जियो फाइबर बैकअप प्लान

**नई दिल्ली**

दो दिन बाद यानी 31मार्च से IPL 2023 शुरू होने वाला है। ऐसे में टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो (Reliance Jio) ने अपने फाइबर ब्रॉडबैंड कस्टमर्स के लिए एक नया और सस्ता प्लान पेश किया है। कंपनी ने इस प्लान के तहत सिर्फ 198 रुपये महीने के खर्च में फाइबर ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन देने की घोषणा की है। कंपनी ने इस प्लान को जियो




फाइबर बैकअप प्लान (Jio Fiber Backup Plan) के नाम से इंट्रोड्यूज किया है। इसमें यूजर को अनलिमिटेड इंटरनेट मिलेगा। ग्राहक इस प्लान के साथ 10Mbps से लेकर 100Mbps तक की स्पीड का ऑप्शन चुन सकते हैं। नए प्लान को 30 मार्च से रिचार्ज कराया जा सकेगा। जियो फाइबर ब्रॉडबैंड बैक-अप प्लान में अनलिमिटेड लैंडलाइन कॉलिंग भी मिलेगी। इस प्लान में वन क्लिक स्पीड अपग्रेड की सुविधा भी मिलेगी। यानी आप 1/2/7 दिनों के लिए एक-क्लिक स्पीड अपग्रेड कर सकते हैं और स्पीड को 30 Mbps या 100 Mbps तक बढ़ा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)